सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

वृहस्पतिवार, तिथि 14 चैत्र, 1935 (श0) / 04 अप्रील, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 118

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 26 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 48 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) परिवहन विभाग | .. | .. | 08 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 04 |
| (6) उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | 07 |
| (7) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 05 |
| (8) समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 08 |
| (9) निबंधन विभाग | .. | .. | 03 |
| (10) खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 02 |
| (11) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | .. | .. | 01 |
| (12) पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग .. | 118 |

## उपाय करना

*3623. श्री राम लषण राम 'रमण'——क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर एवं अंधराठाढ़ी प्रखंडों में बहने वाली कमला नदी के दोनों तटबंधों के मध्य पाँच सौ (500) नील गायों द्वारा (1100) ग्यारह सौ एकड़ जमीन की फसल बर्बाद कर दी जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नील गायों के उपद्रव से किसानों की रक्षा हेतु उपाय करना चाहती है तथा मुआवजा देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## विद्यालय खोलना

*3624. श्री ज्ञानचंद मांझी——क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा सदर प्रखंड में अल्पसंख्यक आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है जिससे अल्पसंख्यक छात्र–छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में अल्पसंख्यक आवासीय उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## जाँच करना

*3625. श्री विनोद प्रसाद यादव——क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला में जिला खनन पदाधिकारी का पद विगत दो वर्षों से रिक्त है एवं खनन निरीक्षक को ही जिला खनन पदाधिकारी का प्रभार सौंपा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला में अवैध पत्थर एवं बालू का खनन हो रहा है एवं कई बड़ी कंपनियों द्वारा नियम के विरुद्ध क्रेसर लगाने का कार्य किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी खनन निरीक्षक पर आवश्यक कार्रवाई करने एवं राजस्व में हानि के लिए जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## उपलब्ध कराना

*3626. श्री जनार्दन मांझी——क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत शम्भूगंज प्रखंड के अन्तर्गत प्रा0 वि0 सोतीचक जंगल में चापाकल नहीं रहने के कारण मध्याह्न भोजन नहीं बन पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजन नहीं बनने से बच्चों को काफी कठिनाई होती है, साथ ही बच्चे कम पढ़ने आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में कबतक नये चापाकल गाड़कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*3627. श्री रणविजय कुमार––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ा बौराम प्रखंड के अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय वैश्य लगमा में तीन नियमित शिक्षक पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमित शिक्षक को प्रभारी प्रधानाचार्य नहीं बनाकर नियोजित शिक्षक को प्रभारी बनाया गया है जबकि सरकारी प्रावधान के अनुसार नियमित शिक्षक ही प्रभारी रहेंगे ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियमित शिक्षक को सरकारी प्रावधान के आलोक में प्रभारी प्रधानाचार्य बनाने का विचार रखती है एवं इसके लिए दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*3628. श्री जितेन्द्र कुमार राय––क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का 80,000 लक्ष्य अनुमंडलवार निर्धारित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के मढ़ौड़ा अनुमंडल जिले एवं राज्य के सभी अनुमंडलों में उपलब्धि लक्ष्य से काफी कम है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मढ़ौड़ा अनुमंडल में संबंधित पेंशन स्वीकृति पदाधिकारी द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई है जिसके कारण वर्ष 2010 से 2012 तक मात्र 3050 लाभुकों को ही इसका लाभ मिल पाया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित पेंशन स्वीकृति पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---

कार्रवाई करना

*3629. श्री अवनीश कुमार सिंह––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखंड के नवसृजित विद्यालय, कठकुईयां पश्चिमी टोला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पनसलवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटजिलवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूपहारा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कौरेयाटोला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटखौलिया, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सेमरा (हनुमान मंदिर के पास) उत्क्रमित मध्य विद्यालय बूढनर सहित अन्य तथा पताही के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में सर्व–शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2008–09 से ही काम प्रारम्भ किया गया परन्तु आजतक सारे कार्य अधूरे हैं, यदि हां, तो कार्यों को अधूरा रखने वाले दोषियों को चिन्हित कर सरकार उनपर कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

पदस्थापन करना

*3630. श्री विनय कुमार सिंह––क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला में विगत 5 वर्षों से जिला खेल पदाधिकारी का पद रिक्त है, यदि हां, तो क्या सरकार जिला खेल पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*3631. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के चेरिया बरियारपुर के तत्कालीन विधायक ने वर्ष 2009 में ही सरस्वती उच्च विद्यालय, कुम्भी को एक लाख रुपया उपस्कर खरीद के लिए आवंटित किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि रुपया की निकासी कर लेने के बावजूद आजतक एक भी समान खरीद नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रकम की निकासी करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई करते हुए विद्यालय का सामान दिलवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण करना

*3632. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्यारेपुर, दरवा उर्दू एवं राजकीय बुनियादी विद्यालय, डोइला तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्यारेपुर का भवन निर्माण कार्य तीन वर्ष पूर्व से ही अधूरा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का भवन निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वेतन भुगतान करना

*3633. श्री अख्तरूल ईमान—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत मदरसा अशरफुल उलूम ऑजिगछ अलताबाड़ी, मदरसा नं० 483 के शिक्षकों का वेतन जून, 2010 से बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मदरसा के वेतन भुगतान हेतु मदरसा बोर्ड को दिनांक 3 अगस्त, 2011 एवं उसके बाद कई बार अनुरोध–पत्र मदरसा की ओर से दिया गया किन्तु वेतन भुगतान का आदेश नहीं मिल पाया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मदरसा शिक्षकों के वेतन भुगतान नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

बस का परिचालन

*3634. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नौहट्टा से पटना तक सरकारी बस नहीं चलाई जा रही है जिससे आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रोहतास जिला के नौहट्टा–रोहतास–तिलौथु होते हुए पटना तक सरकारी बस परिचालन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*3635. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 5 सितम्बर, 2012 को प्रारम्भ की गयी इन्फोरमेशन स्कीम ऑफ कम्यूनिकेशन टेकनोलॉजी (आई० सी० टी०) योजना के तहत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये राज्य के 500 उच्च विद्यालयों में इस योजना की शुरूआत की गयी थी जिसमें मधुबनी जिला के 40 उच्च विद्यालय भी शामिल हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत प्रत्येक उच्च विद्यालयों को 11–11 कम्प्यूटर, जेनेरेटर एवं ऑपरेटर उपलब्ध कराये गये थे, परन्तु मधुबनी जिला के केजरीवाल उच्च विद्यालय, झंझारपुर, उच्च विद्यालय,

सिसवा, वरही, फुलपरास, उच्च विद्यालय, लखनौर, उच्च वि०, लौहका, लौकही, ललमनियाँ, उच्च वि० वासोपट्टी, उ०वि०, जयनगर सहित अधिकांश विद्यालयों में जेनरेटर, ऑपरेटर एवं बिजली आपूर्ति आदि कारणों से कम्प्यूटर का संचालन नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला सहित बिहार के सभी 500 उच्च विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### प्रतिनियुक्ति करना

*3636. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखंड के उच्च विद्यालय, जागातिबर डिहा में मात्र चार शिक्षक हैं एवं छात्र–छात्राओं की संख्या लगभग 1000 है, जिसके कारण पठन–पाठन का काम प्रभावित होता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### उत्क्रमित करना

*3637. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारून प्रखंड अन्तर्गत सोहदा मध्य विद्यालय उत्क्रमित होने की पात्रता रखता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के 05 कि० मी० के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वि० को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### पदस्थापित करना

*3638. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर एवं वजीरगंज प्रखंड में क्रमशः 05 मगध उ० वि०, सनौत, उ० वि०, ससलपुर, सन्यास उ० वि० आदि एवं 06 रामानुग्रह उ० वि०, वजीरगंज, उ० वि०, सकटदास नवादा, किसान उ०वि०, आदि 10+2 विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों प्रखंडों के उक्त 10+2 विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण पठन–पाठन में कठिनाई हो रही है, जिससे स्थानीय आम लोगों में गहरा असंतोष व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में एक निश्चित समय–सीमा के अन्दर शिक्षकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### बस का परिचालन

*3639. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर विधान–सभा क्षेत्र से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की एक भी बस का संचालन नहीं होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 311/11, दिनांक 14 दिसम्बर, 2011 के माध्यम से माननीय मंत्री, परिवहन विभाग से शाहपुर विधान–सभा के चक्की नौरंगा एवं करनामेपुर बाजार से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के बसों का संचालन करने का आग्रह करने के बावजूद अबतक संचालन न होने से निजी वाहन मालिक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों का संचालन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*3640. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के उदवंतनगर एवं संदेश प्रखंड अन्तर्गत क्रमश: उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहम्मदपुर एवं पाण्डेपुर में भवन का निर्माण वर्ष 2007 में प्रारम्भ हुआ था जो अबतक पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के निर्माण नहीं होने से छात्रों को पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों उत्क्रमित म०वि० के भवन निर्माण को पूर्ण कराते हुए विलम्ब के लिए दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*3641. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंडान्तर्गत रामेश्वर चेथरू महाविद्यालय की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण काफी जमीन का अतिक्रमण हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय के विकास कोष में चहारदीवारी निर्माण हेतु पर्याप्त राशि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय की जमीन नापी कराकर उसकी चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रारंभ करना

*3642. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय संचालित था जो पिछले दस वर्षों से बंद है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, शेरघाटी को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*3643. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंडान्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के अध्ययन एवं अध्यापन कार्य हेतु तालिमी मरकज के टोला सेवक में नियोजित 13 शिक्षकों का मानदेय का भुगतान जून, 2011 से आजतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उन शिक्षकों का मानदेय का भुगतान करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*3644. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत प्रखंड बड़हरा कोठी में मध्य विद्यालय, दौरी के पाँच कि०मी० की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*3645. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्र के कन्या उच्च विद्यालय, जगदीशपुर उच्च विद्यालय, अगीआव बाजार में 10+2 विद्यालय कमरा निर्माण हेतु दो वर्ष पहले ही 25-25 लाख रुपया आवंटित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक की लापरवाही के कारण अभीतक 10+2 कमरा का निर्माण नहीं हो सका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कमरा नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में व्यवधान हो रहा है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लापरवाही बरतने वाले प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*3646. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत ग्राम रामपुर खुर्द में प्राथमिक विद्यालय का सृजन वर्ष 2011 में किया गया है, किन्तु अभीतक भवनविहीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवसृजित विद्यालय के भवन निर्माण हेतु वर्ष 2011 में ही ग्रामीणों द्वारा खाता नं० 102, खेसरा नं० 223 तथा 224 कुल रकबा 18 डिसमिल जमीन दान में सरकार को दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय हेतु दान में दिये गये जमीन पर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबकत, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रारंभ करना

*3647. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (उच्च शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के रिजनंदन ठाकुर सावित्री महाविद्यालय में स्नातक स्तर की पढ़ाई नहीं होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय में पढ़ाई प्रारंभ करने हेतु शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना द्वारा वर्ष 2011 में बी०आर०ए० विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर से स्नातक स्तर की पढ़ाई आरंभ करने हेतु प्रतिवेदन की माँग की गई है, जो आजतक उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में माँगी गई प्रतिवेदन उपलब्ध कराकर उक्त महाविद्यालय में स्नातक स्तर की पढ़ाई शुरू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतनमान देना

*3648. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रारंभिक शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान एवं अन्य प्रोन्नति प्रदान करने से संबंधित वरीयता सूची का अनुमोदन वर्ष 2010 में सक्षम प्राधिकार से अनुमोदित किया जा चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान प्रदान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पार्क बनाना

*3649. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने मुख्य सचिवालय, पटना के सामने खुले भू-भाग पर 9 करोड़ रुपये की लागत से पर्यावरण की रक्षा के लिये ''इको पार्क'' का निर्माण किया है जिससे एक प्रदूषित स्थल आज दर्शनीय स्थान के रूप में परिवर्तित हो गया और वहाँ प्रतिदिन हजारों व्यक्ति भ्रमण के लिए आते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त योजना के तहत प्रथम चरण में राज्य के प्रमंडलीय मुख्यालय में भी पटना की तरह पर्यावरण संवर्धन के लिये ''इको पार्क'' बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*3650. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के० नगर प्रखण्ड के गंगेली, रहुआ, गणेशपुर सतकोदरिया, काझा, जगनी, बिढ़नौली पश्चिम, बिढनौली पूरब तथा पोठियारामपुर पंचायत में एक भी हाई स्कूल नहीं होने के कारण छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त पंचायतों में क्रमशः मा०वि० गंगेलीचपय उत्क्रमित म०वि० रहुआ पश्चिम, म०वि० बैरगाछी, म०वि० सतकोदरिया, आदर्श म०वि० काझा, म०वि० सौराथ, म०वि० डैनी, म०वि० भोकराहा तथा म०वि० रामपुर को उत्क्रमित कर हाई स्कूल की मान्यता देने में प्राथमिकता देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्यान्वयन करना

*3651. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री कन्या सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में 60-60 करोड़ रुपया का बजट कर्णांकित हुआ था तथा संबंधित राशि महिला विकास निगम को उपलब्ध करा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में इस योजना से 11,91,360 कन्याओं को लाभान्वित किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012-13 में इस योजना से मात्र 2,94,000 कन्याओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है जो पूर्व के वर्ष से चार गुणा कम है, यदि हां, तो इसका औचित्य है ?

-----------

भुगतान करना

*3652. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर अनुमंडल मुख्यालय में एक मात्र पूर्वोत्तर महाविद्यालय है जहाँ स्नातक की पढ़ाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय को आजतक सरकार द्वारा दी जानेवाली अनुदान की राशि (परीक्षाफल के आलोक) मुहैया नहीं कराई गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय को वर्ष 2008-09, 2009-10 की अनुदान राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*3653. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के हरदी हाई स्कूल का चहारदीवारी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के चहारदीवारी नहीं होने के कारण मवेशी एवं आम जनता विद्यालय में प्रवेश कर जाते हैं जिससे छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्यालय खोलना

*3654. श्री परमानन्द ऋषिदेव--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखण्ड के निवासियों के लिये रानीगंज में कोई निबंधन कार्यालय नहीं है और उन्हें जमीन के निबंधन के लिए अररिया जाना पड़ता है जो 32 कि०मी० दूर है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रानीगंज में निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारम्भ करना

*3655. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नी सैदपुर प्रखण्ड के भोरसंड एवं मानिक चौक राजकीय उच्च विद्यालय में अनुसूचित जाति बालक छात्रावास वर्ष 2011 में स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय की स्वीकृति होने के बावजूद आजतक अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई शुरू नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त विद्यालय में पढ़ाई शुरू नहीं करने का क्या औचित्य है ?

----------

उत्क्रमित करना

*3656. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड के रायपुर म०वि० उत्क्रमित होने की पात्रता रखता है एवं उसके पाँच (5) कि०मी० के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पूर्ण करना

*3657. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखण्ड अन्तर्गत डुमरा ननौरा पंचायत के उत्क्रमित म०वि० उर्दू दरियापुर का भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2011 में शुरू किया गया था जिसमें दो भवन अर्द्धनिर्मित है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवासन करना

*3658. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले में अनुसूचित जाति छात्रावास का उद्घाटन वर्ष 2003 में तत्कालीन मुख्य मंत्री, बिहार के करकमलों से किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि तब से लेकर आजतक उक्त छात्रावास में छात्रों का आवासन नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास में छात्रों का आवासन कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*3659. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में सर्वशिक्षा अभियान के तहत 21419 प्राथमिक विद्यालय खोलने का वर्ष 2007 में रखे गये लक्ष्य के विरुद्ध आजतक 20340 विद्यालय ही खोली जा सकी है, यदि हां, तो क्या सरकार शेष 1079 विद्यालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पढ़ाई करना

*3660. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के अनुदानित सरकारी मदरसों के आधुनिकीकरण के लिए 400 मदरसों में विज्ञान शिक्षकों की बहाली एवं 650 मदरसों में कम्प्यूटर, शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने हेतु प्रस्ताव उप-निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के द्वारा जून, 2009 को मानव संसाधन विकास विभाग, भारत सरकार को भेजा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आधुनिकीकरण के प्रस्ताव के मंजूरी देते हुए भारत सरकार ने 55.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति अक्टूबर, 2011 में दी है, किन्तु अबतक किसी मदरसा में न तो विज्ञान शिक्षक की बहाली की गई और न ही किसी मदरसा का अन्य कोई आधुनिकीकरण किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विज्ञान शिक्षकों की बहाली एवं मदरसों में कम्प्यूटर की पढ़ाई कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*3661. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिला के मोतिहारी प्रखंड अन्तर्गत जमला म०वि० बसंतपुर, म०वि०, टिकुलिया, रूलही, सिरसा, झिटकहीया, पीपरा कोठी प्रखंड के झखड़ा, सूर्यपुर के 8 किलोमीटर की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि यहां के छात्रों को दूरी के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित स्थलों पर उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*3662. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय, भरगामा में एम०एस०डी०पी० योजना से अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन निर्माण में प्राक्कलन एवं मापदंड के विपरीत स्थानीय मिट्टी मिला बालू दो और तीन नम्बर की ईंट का व्यवहार किया जा रहा है और इसके साथ ही सीमेंट और बालू का अनुपात भी सही-सही नहीं दिया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनियमितता की जाँच कराकर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*3663. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठनी, दरौली, आन्दर प्रखंडों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति के बच्चों के लिए मंडलों में आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण कराया जायेगा;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीवान जिला के गुठनी, दरौली, आन्दर प्रखंडों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति के लिए आवासीय उच्च विद्यालय खोलना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*3664. श्री वृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय, हरनाही में वर्ग पाँच तक छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन कराते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय के 5 कि०मी० तक कोई उच्च विद्यालय नहीं है एवं उच्च विद्यालय हेतु सभी अर्हताएं पूरी करती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हरनाही मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*3665. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2010 में लिये गये नीतिगत निर्णय के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक 5 कि०मी० पर हाई स्कूल बनाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत डगरूआ प्रखंड का मध्य विद्यालय, बलुआ, मध्य विद्यालय, महलवारी, मध्य विद्यालय, कोढ़ैली, मध्य विद्यालय, लसनपुर, हाई स्कूल के रूप में उत्क्रमित होने की पात्रता रखता है और इसके 5 कि०मी० के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चारों मध्य विद्यालय को हाई स्कूल में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्था करना

*3666. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित सदर प्रखंडान्तर्गत नौवागढ़ी उच्च विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग दो हजार है, जिसमें 40 प्रतिशत दलित एवं महादलित हैं, जिनके लिए उच्च विद्यालय में छात्रावास नहीं रहने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में दलित एवं महादलित के लिए छात्रावास की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*3667. श्री जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बाराहाट प्रखंड के सबलपुर पंचायत के बेलटिकरी गाँव की आबादी 1000 से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण हेतु प्राथमिक विद्यालय नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि बेलटिकरी गाँव के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण हेतु 3-4 कि०मी० दूर चिर सुखनिया नदी पार कर सबलपुर गाँव जाना पड़ता है तथा बरसात के दिनों में काफी दिक्कत होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अवैध उत्खनन रोकना

*3668. श्री विजय कुमार सिन्हा--हिन्दी दैनिक समाचार के दिनांक 14 जनवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''पहाड़ों पर संकट कैसे होगी पर्यावरण की रक्षा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला का चानन प्रखंड अवैध उत्खनन के लिये चर्चित है जहाँ से प्रतिदिन सैंकड़ों ट्रैक्टर अवैध पत्थर निकाले जाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इस क्षेत्र में प्रतिदिन जिंदा पहाड़ों को तोड़ने के लिये शक्तिशाली विस्फोटक का इस्तेमाल किया जाता है जिससे इस क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय और इसके आस-पास चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पठन-पाठन कराना

*3669. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत प्रखंड त्रिवेणीगंज पंचायत परसागढ़ी (दक्षिण) पाण्डेयपट्टी मध्य विद्यालय को वर्ष 2010 में उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में अबतक उच्च शिक्षा का पठन-पाठन का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में उच्च शिक्षा का पठन-पाठन कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

*3670. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत वर्ष 2010-11 एवं 2012-13 में प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय की कक्षा 1 से 8 तक की सभी छात्राओं को एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा बी०पी०एल० श्रेणी के परिवार के छात्रों को 400/- रुपया प्रति छात्र-छात्रा पोशाक खरीदने हेतु बचत खाता खोलकर खाता के माध्यम से राशि का भुगतान किया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि खाता नहीं खोले जाने के कारण कटिहार जिला के 2.75 लाख छात्र-छात्रा सहित राज्य के सभी जिलों के छात्र-छात्रा इस योजना के लाभ से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलम्ब खाता खोलकर राशि भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*3671. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान 2010 के तहत प्रत्येक 5 कि०मी० के परिधि में उच्च विद्यालय एवं 08 कि०मी० की परिधि में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने की सरकारी योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कस्बा प्रखंड के सदभैली पंचायत के 10 कि०मी० के दायरे में कोई भी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण करने में छात्रों को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड-1 में वर्णित योजना के अनुसार सदभैली पंचायत में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*3672. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत बाढ़ दियारा क्षेत्र में अवस्थित जागेश्वर प्रसाद उच्च विद्यालय, खेमटिहनियाँ का भवन काफी जर्जर होने एवं चहारदीवारी नहीं होने के कारण पठन-पाठन कार्य में बाधा उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जर्जर भवन का जीर्णोद्धार सहित चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*3673. श्री (मो०) जावेद--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज विधान-सभान्तर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के ग्राम खरखरी, वार्ड नं०-8 तथा ग्राम रायपुर में आँगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्रियों का उपयोग कर सरकारी रुपयों का दुरुपयोग किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घटिया निर्माण करने वाले संवेदक एवं पदा० के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*3674. श्री गोपाल जी ठाकुर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में एक भी बालिका उच्च विद्यालय नहीं है, जबकि विद्यालय खोलने हेतु जमीन उपलब्ध है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दरभंगा जिला के बेनीपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में बालिका उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*3675. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय, शाहपुर सिधवलिया में वर्ग 9 में छात्र/छात्राओं की संख्या 500, कक्षा 10 में छात्र/छात्राओं की संख्या 522, कक्षा 11 में छात्र/छात्राओं की संख्या 205, कक्षा 12 में छात्र/छात्राओं की संख्या 205 है जबकि उक्त विद्यालय में छात्र/छात्राओं को पढ़ने के लिए मात्र दो कमरा तथा एक पुस्तकालय भवन है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बहाली करना

*3676. श्री परमानंद ऋषिदेव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने राज्य के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों पर दी जाने वाली सुविधाओं को लक्षित समूह तक पहुँचाने में सहयोग के लिए उद्दीपन की क्षमता विकसित करने की योजना अक्टूबर, 2012 में बनायी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए प्रत्येक पंचायत में उद्दीपिकाओं की बहाली की जानी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बहाली कबतक करने जा रही है ?

---

पुनर्जीवित करना

*3677. श्री रामानंद राम--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रामकुमारी अयोध्या डिग्री कॉलेज, नावकोठी, जिला बेगूसराय की स्थापना वर्ष 1960 में ही हुई थी जो 2007 से बंद है तथा उसका भवन जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त डिग्री कॉलेज को पुनर्जीवित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*3678. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के सर्वोदय विद्या मंदिर +2 में मात्र चार शिक्षक हैं, जबकि छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 1700-1800 है, जिसके कारण पठन-पाठन प्रभावित होता है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*3679. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (समस्तीपुर) से तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली (सकरा) होते हुए पटना के लिए एक भी पथ परिवहन निगम की बसें संचालित नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ परिवहन निगम की बसें नहीं रहने के कारण लोग प्राइवेट वाहनों से मजबूरन यात्रा करने को विवश हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा से तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली (सकरा) होते हुए पटना के लिए परिवहन निगम से सीधी बस सेवा चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बस का परिचालन

*3680. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर विधान-सभा क्षेत्र के किसी भी प्रखंड से जिला मुख्यालय मुंगेर जाने के लिए सरकारी बस की सेवा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के लिए सरकारी बस की सेवा उपलब्ध करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जीर्णोद्धार करना

*3681. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के मढ़ौरा प्रखंड स्थित अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय, रामचक का भवन 1980 में बना था;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन आज जीर्ण-शीर्ण हो चुका है, जिससे विद्यार्थियों का पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय खोलना

*3682. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के ग्राम बेजना, गोरण्डी एवं अतरी प्रखण्ड के ग्राम बेद्पुरा में प्राथमिक विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों की आबादी 600 से अधिक एवं अन्य विद्यालय से गाँव की दूरी $1\frac{1}{2}$ कि0मी0 से अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित गाँवों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण पूर्ण करना

*3683. श्री (मो0) जावेद--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत सीमलबाड़ी, पंचायत कोरूआ में बी0आर0जी0एफ0 योजना के तहत योजना सं0 1.07-08 में अनुसूचित जाति के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है, वह आजतक पूरा नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण उक्त समुदाय के लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना की जाँच कराते हुए निर्माण कार्य को पूरा कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बस स्टैण्ड बनाना

*3684. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत पी0डब्लू0डी0 सड़क मार्ग पर कुमारीपुर ग्राम पंचायत के कुमारीपुर में बस स्टैण्ड नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ एक बस स्टैण्ड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वेतन देना

* 3685. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 2937 माध्यमिक विद्यालयों के अन्तर्गत किए गए कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु अगस्त, 2008 में अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना में नियमित प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है, जिसमें 107 कर्मी कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना के पत्रांक 37 बी0, दिनांक 16 अप्रील, 2011 द्वारा उक्त प्रकोष्ठ को बिहार माध्यमिक शिक्षा परिषद्, पटना में स्थानांतरित किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य परियोजना निदेशक, बिहार माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा 27 जुलाई, 2012 से ही उक्त मूल्यांकन एवं अनुश्रवण कोषांग को बंद कर दिया है, जिसके कारण उसमें कार्यरत कर्मियों का वेतन बंद है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

* 3686. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड अंतर्गत ग्राम देवापुर और लड़ौली उच्च विद्यालयों को +2 में उत्क्रमित कर दिया गया है, किन्तु उक्त विद्यालयों में भवन एवं शिक्षकों के अभाव में पठन–पाठन का कार्य अभीतक शुरू नहीं हो सका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों उच्च विद्यालयों में भवन तथा चहारदीवारी का निर्माण कराते हुए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुनिश्चित करना

* 3687. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता विधान–सभा क्षेत्र के प्रखंड गोगरी के भगवान उच्च विद्यालय, राजकीय उच्च विद्यालय, पनसारी उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय डुमरिया बुजुर्ग, टी० एन० बालिका उच्च विद्यालय सिरनिया, बालिका हाई स्कूल, गोगरी उच्च विद्यालय तथा प्रखंड परबत्ता के उच्च विद्यालय कन्हैयाचक, पं० से० हजारी चौधरी उच्च विद्यालय भरतखंड में छात्र–छात्राओं की संख्या के अनुपात में बेंच–डेस्क का अभाव है जिससे शिक्षा अध्ययन कर रहे छात्र–छात्राओं को दिक्कत हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित उच्च विद्यालयों में छात्र–छात्राओं के अनुपात में बेंच–डेस्कों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 3688. श्री रतनेश सादा—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सोनवर्षा प्रखंड के म० वि० गोदंराम का अपना भवन है जिसमें करीब 600 छात्र–छात्राएं विद्या ग्रहण करती हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का चहारदीवारी नहीं है और ना ही पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं के लिए शौचालय की व्यवस्था है जिससे छात्रों को कठिनाई होती है तथा उक्त विद्यालय के प्रांगण में जानवरों का जमावड़ा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शौचालय तथा चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बहाल करना

* 3689. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यही बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विज्ञापन सं0 210 / 2010, प्रारंभिक विद्यालयों में सहायक शिक्षक के पद हेतु विज्ञापन निकला था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोटि क्रमांक 41217 प्रशिक्षण प्राप्त (सत्र 1987–89) विकलांग अभ्यर्थी का नाम बी0सी0–2 में दर्ज किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि विकलांग कोटि के बदले बी0 सी0–2 में नाम दर्ज करने की शिकायत बिहार कर्मचारी चयन आयोग के पते पर 27 दिसम्बर, 2011 को रजिस्ट्री डाक द्वारा प्राप्त कराया गया था ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रशिक्षण प्राप्त विकलांग अभ्यर्थी कोटि क्रमांक 41217 को बी0सी0–2 से हटाकर विकलांग कोटि में करते हुए बहाल करना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

* 3690. श्रीमती ज्योती देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड बोधगया में चेरकी बाजार में उच्च विद्यालय, चेरकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उच्च विद्यालय, चेरकी में 1800 छात्र नामांकित हैं और शिक्षक मात्र 8 हैं जिससे छात्रों का पठन–पाठन बाधित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उच्च विद्यालय, चेरकी में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पठन–पाठन कराना

* 3691. श्रीमती अमला देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत प्रखंड त्रिवेणीगंज पंचायत बभनगामा के मध्य विद्यालय को वर्ष 2010 में उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में अबतक उच्च शिक्षा का पठन–पाठन का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में उच्च शिक्षा का पठन–पाठन कार्य प्रारम्भ करने करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 3692. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान–सभा क्षेत्रान्तर्गत अस्थावां प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, सरमेरा प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, विन्द उच्च विद्यालय, गोहम्मदपुर, उच्च विद्यालय, कटौना, उच्च विद्यालय को +2 का दर्जा वित्तीय वर्ष 2009–10 में प्राप्त है, परन्तु उक्त वर्णित विद्यालयों में न तो छात्र–छात्राओं को बैठने हेतु बेंच, डेस्क की व्यवस्था है और ना ही विद्यालयों में प्रयोगशाला और पुस्तकालय आदि की व्यवस्था है जिससे छात्र–छात्राओं को असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इस संबंध में कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 3693. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा, (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नगर परिषद्, नवादा स्थित प्राथमिक विद्यालय मालगोदाम का संचालन भवन के अभाव में मुहल्ला से 1.5 कि0मी0 दूर अनुसूचित जाति उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नवादा (गोवर्धन मन्दिर) परिसर में होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*3694. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 12 जुलाई, 2012 को अपर समाहर्ता एवं उत्पाद अधीक्षक, गोपालगंज के नेतृत्व में भारत सुगर मिल, सिधवलिया में छापामारी की गई जहां 9625.00 क्वींटल छोआ पाया गया जिसमें भंडार पंजी में छोआ 4248.10 क्वींटल दर्ज था तथा भंडार पंजी में दर्ज मात्रा से 5376.90 क्वींटल छोआ अधिक पाया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज ने अपने पत्रांक 1620/सी०, दिनांक 12 जुलाई, 2012 द्वारा आयुक्त उत्पाद, बिहार, पटना को भारत सुगर मिल सिधवलिया में छोआ की जांच के संबंध में प्रतिवेदन भेजा लेकिन अबतक भारत सुगर मिल, सिधवलिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो भारत सुगर मिल, सिधवलिया पर अबतक कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

कार्रवाई करना

*3695. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर में वित्तीय वर्ष 2005-06 में ही 70 लाख रुपये की लागत से महाराजा लक्ष्मेश्वर सिंह संग्रहालय-सह-मिथिला सांस्कृतिक केन्द्र का भवन का उद्‌घाटन तत्कालीन विभागीय मंत्री ने किया था, परन्तु अभीतक उक्त भवन का भौतिक प्रभार भवन निर्माण विभाग से नहीं प्राप्त किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन का भौतिक प्रभार नहीं लेने के कारण उस भवन का कोई उपयोग नहीं हुआ एवं उक्त भवन की स्थिति जर्जर हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस लापरवाही के लिये दोषी अधिकारी को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापना करना

*3696. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बाराचट्टी का ग्राम पंचायत भलुआ का ग्राम/टोला खैरा, डांग तथा सखवा जंगल एवं नदी-नालों के बीच बसा है और जिसकी आबादी लगभग 3000 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में एक भी विद्यालय नहीं है और यहां के बच्चे शिक्षा से बंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-सखवा में विद्यालय स्थापना का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध करना

*3697. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में मधुबनी जिला के बरहारा, बेलौचा, गांगुली, कालिकापुर, केवलपट्टी, मालिन बेलहा, सिहांसो, धमियापट्टी, भटराघाट, रुद्रपुर एवं एकहत्था में नये उच्च विद्यालयों की स्वीकृति प्रदान की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालयों में भवन, शिक्षक सहित अन्य आधारभूत संरचना एवं सुविधाओं का अभाव है जिससे छात्रों का पठन-पाठन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्गत करना

*3698. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के उत्क्रमित इंटरस्तरीय उच्च विद्यालय, सूर्यगढ़ा, मानो, रामपुर, कजरा, घुसैठ, अभयपुर, चानन प्रखंड के लाखोचक पिपरिया प्रखंड के रामचंद्रपुर में भवन निर्माण के लिए स्वीकृत राशि समय पर खर्च नहीं होने के कारण वापस हो गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी विद्यालयों के उत्क्रमण के बावजूद भवन के अभाव में इंटर की पढ़ाई प्रारंभ करने में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण के लिए राशि निर्गत करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

लाभ देना

*3699. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला परिषद्/नगर निगम/नगर परिषद् और नगर पंचायत माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को चिकित्सा बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत नियोजित शिक्षकों को चिकित्सा बीमा का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*3700. डॉ० कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड के ग्राम-कौआखोह में प्राथमिक विद्यालय नहीं है जबकि उक्त ग्राम की आबादी 800 से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के बच्चे 2.1/2 कि०मी० दूर पहाड़ पार करके मध्य विद्यालय, बोधचक पढ़ने जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वजीरगंज प्रखंड के ग्राम-कौआखोह में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*3701. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत बाघमरा ग्राम पंचायत के अवधपुर वार्ड सं० 1 में आँगनबाड़ी का भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*3702. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अति-पिछड़ा कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमंडल मुख्यालय एवं बेहड़ी प्रखंड मुख्यालय में पिछड़ा एवं अति-पिछड़ा जाति के छात्राओं के लिए एक भी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार बेनीपुर अनुमंडल मुख्यालय एवं बेहड़ी प्रखंड मुख्यालय में एक-एक पिछड़ा/अति-पिछड़ा जाति के छात्राओं के हित में बालिका आवासीय उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*3703. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में जून 2012 से स्कूलों में मिड-डे-मील की जानकारी प्राप्त करने हेतु आई०वी०आर०एस० प्रणाली चालू की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि इस प्रणाली के अन्तर्गत राज्य के 70 हजार स्कूलों में जहाँ मिड-डे-मील चलता है के विरुद्ध मात्र 50 हजार स्कूलों से ही प्रतिदिन जानकारी मिल पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्याह्न भोजन की जानकारी नहीं देने वाले 20 हजार विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नियुक्ति करना

*3704. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत वर्ष 2010 ई० में 119 आँगनबाड़ी पर्यवेक्षिका की नियुक्ति हेतु भेकेन्सी निकाली गई जिसमें 30 पद पर आँगनबाड़ी सेविकाओं में से नियुक्त करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में 30 (तीस) में से सिर्फ 8 (आठ) पद पर नियुक्ति की गई तथा 22 (बाईस) पदों पर नियुक्ति नहीं की गई;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक शेष नियुक्ति करना चाहती है ?

---------

पूर्ण करना

*3705. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखण्ड अन्तर्गत भरवारी पंचायत के चन्दौली म०वि० में भवन का निर्माण वर्ष 2011 में शुरू किया गया था जो अर्द्धनिर्मित है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*3706. श्री अशोक कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंधवारा प्रखण्ड अन्तर्गत सरवारा मध्य विद्यालय, बनौली मध्य विद्यालय, कोड़ा मध्य विद्यालय सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित है तथा प्रखण्ड से लगभग 10 कि०मी० दूरी पर है जिससे उक्त इलाके के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*3707. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2009 में राष्ट्रीय शिक्षा दर प्राप्त करने के लिए पाँच कि०मी० पर उच्च विद्यालय खोलने की घोषणा की थी;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के हुसेना, डरैन, बसौनी बरियारपुर, लक्ष्मीपुर, अरमा चानन प्रखण्ड के धनवह, नन्थुडीह, मानपुर, कुन्दर तथा पिपरिया प्रखण्ड के पिपरिया में उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय जिला के हुसेना, उरैन, बसौनी, बरियारपुर, लक्ष्मीपुर, अरमा, धनवह, मल्लुडीह, मानपुर, कुन्दर, पिपरिया मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निर्माण करना

*3708. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत नन्द कुमार उच्च विद्यालय, बासुदेवपुर में स्थित हैं जहाँ प्रतिवर्ष मैट्रिक एवं +2 का वार्षिक परीक्षा होती है, परन्तु उक्त विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक को परीक्षा आदि में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्यालय खोलना

*3709. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत दिघलबैंक प्रखण्ड में अवर निबंधक कार्यालय नहीं है एवं यहाँ के लोगों को अपनी जमीन जायदाद निबंधन कराने के लिए 20-25 कि०मी० की दूरी तय करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि निबंधन कार्यालय दूर होने के कारण क्षेत्र के 30 (तीस) हजार से अधिक की जनसंख्या प्रभावित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड मुख्यालय में अवर निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पदस्थापन करना

*3710. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखण्डान्तर्गत रानी प्रभावती उच्च विद्यालय में मात्र पाँच शिक्षक कार्यरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षकों की कमी के कारण विद्यालय में पढ़ाई नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में स्वीकृत पद के अनुरूप शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*3711. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत जलाजगढ़ प्रखण्ड के एकम्मा पंचायत, सरसौनीडिहा पंचायत, ददिमियाँ पंचायत में 8 कि०मी० के दायरे में कोई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*3712. श्री ज्ञानचन्द मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के छपरा सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय, बदलू टोला (2), मध्य विद्यालय कोटवाँ पट्टी, रामपुर और गड़वा प्रखंड के (3), मध्य विद्यालय, कुदरबाधा (4), मध्य विद्यालय, महमदा (5), मध्य विद्यालय, कुचाह (6), मध्य विद्यालय, जानकी नगर के अगल-बगल पाँच कि0मी0 की दूरी पर कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण करना

*3713. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड उचकागाँव के ग्राम पंचायत राज बलेसरा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बलेसरा के खेल के मैदान में वर्ष 2011-12 में स्टेडियम का निर्माण कार्य आरम्भ किया गया है । निर्माण हेतु विभाग द्वारा प्रथम बार 8,00,000.00 (आठ लाख रुपया) उपलब्ध कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि आवंटन के अभाव में निर्माण कार्य बन्द है, यह योजना लगभग 32,00,000.00 (बत्तीस लाख रुपया) से पूर्ण होने वाला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बकाया राशि विमुक्त कर निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चयन करना

*3714. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड खुटहा बैजनाथपुर पंचायत में आँगनबाड़ी केन्द्र सं0 132 पर सेविका का चयन आठ वर्षों से नहीं किया गया है जिससे केन्द्र क्रियाशील नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि सेविका चयन से संबंधित मार्गदर्शिका 2010 के आलोक में 18 जनावरी, 2011 को उक्त केन्द्र पर सेविका चयन के लिए आम सभा हुई, किन्तु चयन कार्य बाधित रहा;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार के पत्रांक 3027, दिनांक 22 नवम्बर, 2011 के निदेश के आलोक में दिनांक 19 जुलाई, 2012 को निर्धारित समय 3 बजे के बदले रात के 7 बजे पोषक क्षेत्र के लाभुकों की आम सभा बिना प्रचार प्रसार के प्रारंभ की गई, जिसपर लाभुकों के आपत्ति होने के कारण आम सभा अगली तिथि तक के लिए स्थगित कर दी गयी;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र सं0 132 पर सेविका का चयन कार्य कबतक पूरा करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*3715. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखंड स्थित बालक मध्य विद्यालय, तेलघी में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आस-पास के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय की स्थापना

*3716. श्रीमती रजिया खातुन--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखंड के कोटवा ग्राम में शिवधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 2500 से ऊपर है, जिसमें सिर्फ छात्राओं की संख्या लगभग 1100 है, जिसमें भौतिक एवं यूनिट क्षमता से अधिक होने के कारण पठन-पाठन का कार्य प्रभावित हो रहा है और बालिकाओं की अलग पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के बगल में उपलब्ध सरकारी जमीन पर अलग एक बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना करना चाहती  है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

संरक्षित करना

*3717. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के सदर अनुमंडल में श्यामलाल ट्रस्ट, चुवालाल ट्रस्ट, छद्‌दुलाल ट्रस्ट सार्वजनिक निबंधित ट्रस्ट है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ट्रस्टों की जमीन चिन्हित कर संरक्षित करने का विचार रखती  है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

खुदाई करना

*3718. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी प्रखंडान्तर्गत लखौरा ध्रुव पंचायत में राजा उत्तानपाद के पुत्र भक्त ध्रुव का गढ़ स्थित है एवं उक्त स्थान के समीप नोनाचार्य के गढ़ की जाँच विभाग द्वारा पुरातत्व विद् डॉ0 अरूण कुमार सिंह एवं जिला समाहर्ता, पूर्वी चम्पारण के द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मोतिहारी से करायी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि नोनाचार्य के गढ़ को भगवान बुद्ध के स्तूप के रूप में माना जाता है, जहाँ अभी भी पुरातत्व काल के अमूल्य धरोहर छिपा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में वहाँ खुदाई कराने का विचार रखती  है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

बस का परिचालन

*3719. श्रीमती मंजू हजारी--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के कुशेश्वर स्थान बाबा भोले की नगरी एक तीर्थ स्थल है, जहाँ लाखों लोग प्रतिदिन पूजा-अर्चना करने आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान के लिए राज्य पथ परिवहन निगम की एक भी बस का परिचालन नहीं किया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पश्चिम-दक्षिण एवं उत्तर बिहार के मुख्य स्थानों से कुशेश्वर स्थान के लिए बस संचालित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

बस का परिचालन

*3720. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना से हाजीपुर जन्दाहा होकर दरभंगा की ओर पथ परिवहन विभाग की प्रतिदिन की सेवा नहीं रहने के कारण इस क्षेत्र के नागरिकों को सस्ते दर के परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पटना के हाजीपुर, जन्दाहा होते हुए दरभंगा तक परिवहन विभाग की बसें प्रतिदिन चलाने का विचार रखती  है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शामिल करना

*3721. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने शैक्षणिक रूप में पिछड़े जिलों के प्रखंडों में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बालिका छात्रावास निर्माण की योजना वर्ष 2009–10 से शुरू की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, घोडासहन तथा कन्या उच्च विद्यालय, करमावा को आजतक उक्त योजना में सम्मिलित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित विद्यालयों को उक्त योजना में शामिल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*3722. श्री संजय सिंह (टाईगर)—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर प्रखंड के तापाजलपुरा में अवस्थित मध्य विद्यालय में छात्रों की संख्या 700 है, 12 कमरा सहित 2 एकड़ जमीन भी उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं रहने से आस–पास के गाँव के छात्रों को पठन–पाठन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*3723. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवारावाँ, काशीचक, कौवाकोल तथा रोह प्रखंडों में अंगीभूत महाविद्यालय नहीं है, जिससे वहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पकरीवरावाँ में अंगीभूत महाविद्यालय स्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्ति करना

*3724. श्री अरूण मांझी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना में स्थित कला एवं शिल्प महाविद्यालय में वर्ष 2011 में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हेतु 11 पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किये गये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पद पर पूर्व से बारह तथा पाँच वर्ष से कार्यरत प्रोफेसरों को सहायक प्रोफेसर पद पर नियुक्ति हेतु प्राथमिकता नहीं देकर नियुक्ति करने का क्या औचित्य है ?

---

निर्माण करना

*3725. श्री सुभाष सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत उचका गाँव प्रखंड के साखेराम दास प्लस टू विद्यालय में कक्षा दस तक के सभी क्लास रूप जर्जर और खपरैल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय में एक भी शौचालय एवं चहारदीवारी नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय में क्लास रूम, शौचालय एवं बाउंडरीवाल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*3726. श्री संतोष कुमार—स्थानीय दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 22 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक "अव्यवस्था: झोला में कार्यालय, पेड़ के नीचे विद्यालय" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 2006–07 में पूर्णियाँ जिला के सिंधिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, चिचौरा, रहिका किसी के दरवाजे पर या पेड़ के निकट चलाया जा रहा है जिसके कारण छात्र–छात्राओं को ठंड, बरसात एवं गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*3727. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखंड के ग्राम–कोईनी मध्य विद्यालय तथा बरौली प्रखंड के ग्राम–कल्याणपुर मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का निर्णय वर्ष 2007 में ही सरकार द्वारा लिया गया था जो अभीतक कार्यान्वित नहीं किया जा सका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कर पठन–पाठन का कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*3728. श्री अमन कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दयानन्द विद्यालय, मीठापुर (बालक) पटना को जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना द्वारा वर्ष 2009 में अपने पत्रांक 2187, दिनांक 9 जून, 2009 द्वारा उत्क्रमित होने के उपरांत सुदृढ़ीकरण हेतु 39,50,000 रुपये आवंटन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नवनिर्मित भवन का सरकारी मानक के अनुसार, सीमेंट, छड़, बालू, पत्थर का उपयोग नहीं होने के कारण भवन का छत चू रहा है एवं भवन के दीवारों में दरार पड़ गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य को जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*3729. श्रीमती मंजू हजारी—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला मुख्यालय में राज्य परिवहन का अपना बस स्टैण्ड का जमीन एवं मकान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य परिवहन निगम की एक भी बस समस्तीपुर से न कहीं जाती है न कहीं से आती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समस्तीपुर राज्य परिवहन बस स्टैण्ड से राजधानी एवं अन्य जगहों के लिए सरकारी बसों का संचालन करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

* 3730. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, वन एवं पर्यावरण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के सुहिया भागड़ में वर्ष भर जल भरा रहता है तथा प्रवासी पक्षियों की शरणस्थली होने के साथ ही यहाँ का प्राकृतिक सौन्दर्य अनुपम है तथा दूर दराज के सैकड़ों लोग इस प्राकृतिक सौन्दर्य का दर्शन करने आते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भागड़ का सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण कराकर प्रवासी पक्षी अभ्यारण केन्द्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है ?

---

उत्क्रमित करना

* 3731. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मध्य विद्यालय, गोपाल है जिसमें 700 से अधिक छात्र–छात्राएँ पठन–पाठन करते हैं एवं 05 कि0मी0 के दायरे में कोई उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने हेतु सभी अर्हताएँ मौजूद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 3732. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के अमौर प्रखंडान्तर्गत मध्य विद्यालय, आमगाछी एवं मध्य विद्यालय, मछहट्टा में विद्यालय भवन निर्माण कार्य वर्ष 2008–09 में शुरू हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माणकर्ता एजेंसी द्वारा पूरी राशि का उठाव करने के बावजूद उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कार्य वर्ष 2008 से ही बंद पड़ा है तथा राशि लेकर एजेंसी फरार है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करने एवं एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बंद करना

* 3733. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर स्थित न्यू डाडीयाला सॉ मिल, पूर्वी बोरिंग केनाल रोड, पटना–1 निबंधन सं0 31/94 जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना के अधीन संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रिहायसी इलाके और घनी आबादी के बीच लकड़ी कटाई मशीन संचालित करने का प्रावधान नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार न्यू डाडीयाला सॉ मिल, पूर्वी बोरिंग केनाल रोड, पटना से संचालित लकड़ी कटाई मिल बंद कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्णय लेना

* 3734. श्री जनार्दन मांझी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत वर्ष 2005 से 2010 तक प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर पर नियुक्त किये गये शिक्षकों का कोई अभिलेख जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पास नहीं है जिससे नियमानुसार सम्यक् निर्णय लेने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

संरक्षित करना

* 3735. श्री अरूण कुमार सिन्हा—स्थानीय हिन्दी दैनिक के 31 अक्टूबर, 2012 के अंक में प्रकाशित "ऐसे तो नहीं बचा पायेंगे धरोहर" शीर्षक को ध्यान में रखकर क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना विश्वविद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी में इक्कीस हजार पांडुलिपियों के पिछले पाँच वर्षों से सूचीकरण, प्रलेखन एवं संरक्षण नहीं किये जाने से इसके अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन पांडुलिपियों के संरक्षण हेतु कबतक कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

* 3736. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पद प्रत्येक प्रखंड में सृजन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के शामहो प्रखंड 12 साल से कार्यरत होने के बावजूद भी प्रखंड बाल परियोजना पदाधिकारी को प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में बाल परियोजना पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

* 3737. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान–सभा क्षेत्रान्तर्गत उच्च विद्यालयों एवं +2 विद्यालयों में विषयवार शिक्षक एवं शिक्षकेतर शिक्षकों की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण छात्र–छात्राओं को शिक्षाध्ययन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अस्थावाँ विधान–सभा क्षेत्रान्तर्गत उच्च विद्यालयों एवं +2 विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्त करना

* 3738. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (उच्च शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखण्ड हथुआ में गोपेश्वर महाविद्यालय, हथुआ काफी पुराना महाविद्यालय है, जो जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा से सम्बद्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपेश्वर महाविद्यालय, हथुआ में अंग्रेजी, इतिहास, संस्कृत, दर्शनशास्त्र, गणित एवं भौतिक विज्ञान के व्याख्याताओं के नहीं रहने से छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विषयों के व्याख्याताओं को नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*3739. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में एक हाई स्कूल खोलने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि धमदाहा प्रखण्ड के चम्पावती, चिकनी डूमरिया, पारसमणि, दमैली, ईटहरी, किशनपुर बलुआ नीरपुर, राजघाट गरेल तथा मोगलिया पुरन्दाहा पूरब पंचायत में एक भी हाई स्कूल नहीं होने के कारण छात्रों को 10 कि०मी० दूरी तय कर उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पंचायत में क्रमश: आदर्श म०वि० चम्पावती, म०वि० चिकनी, म०वि० पारसमणि, म०वि० दमैली हरिजन, म०वि० दुद्धिभित्ता, नौवतलाल म०वि० कुकरौन, म०वि० कसमरा, म०वि० संझाघाट तथा म०वि० धरहर को उत्क्रमित कर हाई स्कूल की मान्यता देने में प्राथमिकता देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

---------

निर्माण करना

*3740. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के चेरियाबरियारपुर प्रखण्ड के सकरोली में सर्व-शिक्षा के द्वारा भवन निर्माण के लिए 26 लाख रु० वर्ष 2009 में आवंटित की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में भवन निर्माण का कार्य आज भी अधूरा है जिससे विद्यार्थियों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना:
दिनांक 4 अप्रील, 2013 (ई०) ।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल० ए०) 291-डी०टी०पी०-450